**कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल**
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
कृषि अनुसंधान भवन-I, पूसा, नई दिल्ली 110 012
**AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD**
(INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH)
Krishi Anusandhan Bhavan-I, Pusa, New Delhi-110012
Tele : 25841928, 25848172; Fax : 25846311

**फा.सं. 10(02)/2018-भर्ती-1** **विज्ञापन संख्या 02/2018**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद तथा विभिन्न स्थानों पर स्थित इसके संस्थानों में निम्नलिखित गैर-अनुसंधान प्रबंधन पदों पर सीधी भर्ती के लिए **भारतीय नागरिकों** से आवेदन आमंत्रित है। इन पदों को सावधिक कार्यकाल के आधार पर पांच वर्षों के लिए भरा जाएगा।

**परियोजना समन्वयक के 9 पद,** पे बैंड : पीबी-4 रूपए 37400-67000 + रूपए 10000 का अनुसंधान ग्रेड पे (न्यूनतम वेतन रूपए 43000)।

**प्रभागाध्यक्ष के 11 पद**, पे बैंड : पीबी-4 रूपए 37400-67000 + रूपए 10000 का अनुसंधान ग्रेड पे (न्यूनतम वेतन रूपए 43000)।

**आयु -** भाकृअनुप में वैज्ञानिक कार्मिकों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष है | आवेदक की आयु दि. **16.04.2018** को 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**जो आवेदक पूर्व में विज्ञापन सं. 01/2017 के अनुसार इन पदों के लिए आवेदन कर चुके हैं वे मंडल के वेबसाइट पर नोटिस दिनांक 20.2.2018 के अंतर्गत दिए गए संशोधित आवेदन प्रपत्र-2018 में पुन: आवेदन करें। इन आवेदकों को पुन: आवेदन शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**
**आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि पूर्व में विज्ञापित विज्ञापन सं. 01/2017 जिसकी अंतिम तिथि 08.02.2017 थी, के अनुसार इन पदों के लिए आवेदन कर चुके आवेदकों को एक बार के लिए आयु सीमा में छूट दी जाएगी और उनकी आयु की गणना तदनानुसार (08.02.2017) की जाएगी।**

**शुल्क -** शुल्क का भुगतान निम्नलिखित रूप से किया जाना चाहिए और इसे आवेदन प्रपत्र के साथ संलग्न करना चाहिए।

क) देश के भीतर से आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए -

**सचिव, कृ.वै.च.मं. को नई दिल्ली (भारत) में देय** रू 500 का रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट जिसकी वैधता तीन माह हो। तथापि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला/दिव्यांग उम्मीदवारों को शुल्क भुगतान से छूट है।

ख) विदेश से आवेदन करने वाले आवेदकों/उम्मीदवारों को 50 अमरीकी डॉलर का भुगतान **"SWIFT"** के माध्यम से निम्नलिखित एकाउंट में जमा करना होगा।

| | |
|---|---|
| खाता धारक का नाम | - सचिव, कृ.वै.च.मं. |
| बैंक का नाम | - सिंडिकेट बैंक |
| शाखा का पता | - कृषि अनुसंधान भवन-1, पूसा, नई दिल्ली-12 |
| खाता संख्या | - 24133050000035 |
| आईएफएससी कोड | - **SYNB0009029** |
| **SWIFT Code** | **- SYNBINBB019** |

ग) **'**SWIFT' के माध्यम से किया गया भुगतान/ डिमांड ड्राफ्ट आवेदन के केवल अग्रिम प्रति के साथ ही संलग्न करना चाहिए और इसकी एक प्रति उचित माध्यम वाले आवेदन के साथ संलग्न करनी चाहिए।

घ) कृ.वै.च.मं. के पूर्व **विज्ञापन सं. 01/2017** के अनुसार पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को पुन: शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है। **उम्मीदवारों से अनुरोध है कि डिमांड ड्राफ्ट संख्या/ SWIFT रसीद का आवेदन में उल्लेख करें।**

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में आवेदनों की प्राप्ति की (नए आवेदकों तथा जो आवेदक पहले आवेदन कर चुके हैं, दोनों के लिए) अंतिम तिथि **16.04.2018** है। विदेश/अधिसूचित सुदूर से भेजे गए आवेदनों के लिए अंतिम तिथि **01.05.2018** होगी। ऊपर उल्लेखित अंतिम तिथियों तक कृ.वै.च.मं. में प्राप्त न होने वाले आवेदनों को बिना किसी सूचना के सरसरी तौर कर खारिज कर दिया जाएगा।

कार्यरत उम्मीदवार जिन्हें अपने नियोक्ता द्वारा उनके आवेदन को अग्रेषित करने में विलंब होने की आशंका है, वे अंतिम तिथि तक कृ.वै.च.मं. में आवेदन की 'अग्रिम प्रति' भेज सकते हैं। तथापि, कृ.वै.च.मं. को सीधे आवेदन की अग्रिम प्रति अंतिम तिथि तक भेजने के दौरान उम्मीदवार को अपने आवेदन की अग्रिम प्रति के साथ एक प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा कि उसने अपने नियंत्रण प्राधिकारी/नियोक्ता को इस बाबत सूचित किया है तथा साथ-ही-साथ उक्त पद के लिए मूल आवेदन को अपने नियंत्रण प्राधिकारी/नियोक्ता को इस अनुरोध से प्रस्तुत किया है कि उक्त आवेदन को कृ.वै.च.मं. को अंतिम तिथि के पश्चात **30** दिनों के भीतर, यानी **15.05.2018** तथा **30.05.2018** (अधिसूचित सुदूर क्षेत्र/विदेश) तक

"उचित माध्यम" द्वारा अग्रेषित करें अन्यता बिना किसी सूचना के इसे सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

आवेदकों को सुझाव दिया जाता है कि वे मंडल के वेबसाइट पर दी गई सूचना, दिनांक 20.2.2018 में अधिसूचित संशोधित आवेदन प्रपत्र-2018 में ही आवेदन करें।आवेदकों को सुझाव दिया जाता है कि वे स्कोर कार्ड-2018/आवेदन प्रपत्र के अनुसार निर्धारित दस्तावेज/प्रमाणपत्र यानि मूल डिमांड ड्राफ्ट, जन्म तिथि/एम.एससी./पीएच.डी/अनु.जा./अनु. ज.जा./दिव्यांग प्रमाणपत्र या इस प्रकार के अन्य प्रमाणपत्रों के अलावा कोई अन्य अनुलग्नक आवेदन के साथ संलग्न न करें। इस समय **'आवेदन प्रपत्र - 2018' तथा 'स्कोर कार्ड-2018' कृ.वै.च.मं. के वेबसाइट (www.asrb.org.in) तथा भाकृअनुप के वेबसाइट (www.icar.org.in) पर उपलब्ध है। आवेदन इन प्रपत्रों के अनुरूप न होने पर इसका मूल्यांकन/स्कोरिंग नहीं किया जाएगा और इसे रद्द कर दिया जाएगा।**

आवदेकों को यह भी सुझाव दिया जाता है कि आवेदन भरने से पूर्व विस्तृत विज्ञापन सं. **02/2018** - **'उम्मीदवारों के लिए सूचना'** में दिए गए निर्दिष्ट विवरणों तथा अन्य संबंधित विवरण को देख लें। सभी प्रपत्र तथा निर्दिष्ट विवरण उपरोक्त कृ.वै.च.मं. एवं भा.कृ.अनु.प. के वेबसाइटों पर देखें जा सकते हैं/डाउनलोड कर सकते हैं।

## I. परियोजना समन्वयक

### 20. परियोजना समन्वयक (मृदा परीक्षण फसल प्रतिक्रिया), भा.कृ.अनु.प. -भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) मृदा विज्ञान/कृषि रसायन/मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन या फसल पोषण प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ मौलिक विज्ञान में डाक्टरेट की उपाधि।

(ii) पे बैंड 4 - रु. 37,400/- - 67,000/- तथा ग्रेड पे रू. 10,000/- में प्रधान वैज्ञानिक/प्रोफेसर के रूप में या समकक्ष पद पर कम से कम तीन वर्षों का अनुभव ।

(iii) प्रकाशनों/गतिविधियों/योगदानों के प्रमाण जिनसे यह इंगित होता हो कि उम्मीदवार के पास कृषि अनुसंधान का व्यापक दृष्टिकोण/परिप्रेक्ष्य है।

**वांछनीय :** मृदा-पादप पोषण प्रबंधन में अनुभव।

**21. परियोजना समन्वयक (एमयूएलएलएआरपी), भाकृअनुप - भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) फसल सुधार/फसल उत्पादन/फसल संरक्षण में विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 20 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** दलहन फसलों में अनुभव।

**22. परियोजना समन्वयक (कपास सुधार), भाकृअनुप-केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर के अधीनस्थ, प्रादेशिक स्टेशन, कोयमबत्तौर**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) फसल सुधार/फसल उत्पादन/फसल संरक्षण में विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 20 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** खेत फसलों में अनुभव।

**23. परियोजना समन्वयक (तिल एवं नाइजर), जवाहरलाल नेहरू कृषिविश्वविद्यालय परिसर, जबलपुर**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) फसल सुधार/फसल उत्पादन/फसल संरक्षण में विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 20 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय** :तिलहन फसलों में अनुभव।

**24. परियोजना समन्वयक (सस्योत्तर अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी), भाकृअनुप-केन्द्रीय सस्योत्तर अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, लुधियाना**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) कृषि प्रसंस्करण अभियांत्रिकी/कृषि एवं खाद्य अभियांत्रिकी/ प्रसंस्करण एवं कृषि संरचनाए/ सस्योत्तर अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी/खाद्य अभियांत्रिकी/खाद्य प्रसंस्करण अभियांत्रिकी में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 20 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** उम्मीदवार प्रकाशनों, पेटेंट्स/प्रौद्योगिकियों के माध्यम से प्रमाणित वैज्ञानिक नेतृत्व तथा उत्पादन उपरांत प्रक्रियाओं के यंत्रीकरण व मूल्य संवर्धन के व्यापक दृष्टिकोण एवं परिप्रेक्ष्य में अनुसंधान समन्वयन, प्रबंधन में कौशल प्रदर्शित किया हुआ हो।

**25. परियोजना समन्वयक (कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत), भाकृअनुप-केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) फार्म मशीनरी और पॉवर/जैव-ऊर्जा/अक्षय ऊर्जा अभियांत्रिकी/ ऊर्जा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 20 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग में अनुभव।

**26. परियोजना समन्वयक (मसाला), भाकृअनुप-भारतीय मसाला अनुसंधान संस्थान,कालिकट**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) रोपण/मसाला फसलों में विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान के किसी भी शाखा में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 20 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** बागवानी/रोपण फसलों विशेषकर मसालों में अनुभव।

**27. परियोजना समन्वयक (ताड़), भाकृअनुप-केन्द्रीय रोपण फसल अनुसंधान संस्थान, कासरगोड**

**आवश्यक अर्हताएं**

(i) रोपण फसलों में विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान के किसी भी शाखा में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 20 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** बागवानी/रोपण फसलों विशेषकर ताड़ में अनुभव।

**28. परियोजना समन्वयक (आलूसुधार), भाकृअनुप-केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) फसल सुधार में विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान की किसी भी शाखा में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 20 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** सब्जी सुधार/उत्पादन प्रौद्योगिकी में अनुभव।

II. <u>प्रभागाध्यक्ष</u>

**29. प्रभागाध्यक्ष, फसल संरक्षण प्रभाग, भाकृअनुप-केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) बागवानी विज्ञान समूह के अंतर्गत अधिसूचित एआरएस के किसी भी विषयवस्तु क्षेत्र में डाक्टरेट की डिग्री (कृषि अनुसंधान सेवा के वैज्ञानिकों के लिए वर्तमान अर्हताओं की समीक्षा के संदर्भ में भाक्अनुप के वेबसाइट पर परिपत्र/कार्मिक शीर्ष के अंतर्गत भाकृअनुप की परिपत्र सं. 8(1)/2013-कार्मिक-IV, दिनांक 26.02.2015 देखें)।

**या**

फलों की फसलों में फसल सुधार/फसल उत्पादन/फसल संरक्षण में विशेषज्ञता के साथ मौलिक विज्ञान में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) पे बैंड 4 - रु. 37,400/- - 67,000/- तथा ग्रेड पे रू. 10,000/- में प्रधान वैज्ञानिक/प्रोफेसर के रूप में या समकक्ष पद पर कम से कम तीन वर्षों का अनुभव

(iii) प्रकाशनों/गतिविधियों/योगदानों के प्रमाण जिनसे यह इंगित होता हो कि उम्मीदवार के पास कृषि अनुसंधान का व्यापक दृष्टिकोण/परिप्रेक्ष्य है।

**वांछनीय :** फलों की फसलों में सुधार एवं प्रबंधन का अनुभव

**30. अध्यक्ष, भाकृअनुप-केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला के अधीनस्थ केन्द्रीय आलू अनुसंधान स्टेशन, शिलांग**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) बागवानी विज्ञान समूह के अंतर्गत अधिसूचित एआरएस के किसी भी विषयवस्तु क्षेत्र में डाक्टरेट की डिग्री (कृषि अनुसंधान सेवा के वैज्ञानिकों के लिए वर्तमान अर्हताओं की समीक्षा के संदर्भ में भाक्अनुप के वेबसाइट पर परिपत्र/कार्मिक शीर्ष के अंतर्गत भाकृअनुप की परिपत्र सं. 8(1)/2013-कार्मिक-IV, दिनांक 26.02.2015 देखें)।

**या**

बागवानी फसलों में फसल सुधार/फसल उत्पादन/फसल संरक्षण में विशेषज्ञता के साथ मौलिक विज्ञान में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 29 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** कंद एवं सब्जी फसलों में सुधार एवं प्रबंधन का अनुभव।

**31. प्रभागाध्यक्ष, फसल सुधार प्रभाग, भाकृअनुप-केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला**
**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) बागवानी विज्ञान/फसल विज्ञान में डाक्टरेट की डिग्री या बागवानी फसलों में जैवप्रौद्योगिकी, आनुवंशिकी, आण्विक जीव विज्ञान की विशेषज्ञता के साथ मौलिक विज्ञान में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 29 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** कंद एवं सब्जी फसलों में सुधार एवं प्रबंधन का अनुभव

**32. प्रभागाध्यक्ष, फसल सुधार प्रभाग, भाकृअनुप-भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर**
**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) फसल सुधार में विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 29 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** दलहन फसलों में अनुभव।

**33. प्रभागाध्यक्ष, पादप जैवप्रद्योगिकी प्रभाग, भाकृअनुप-भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) पादप जैवप्रद्योगिकी/आण्विक जीव विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 29 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** दलहन फसलों में अनुभव।

**34. प्रभागाध्यक्ष, फसल सुधार प्रभागभाकृअनुप-गन्ना प्रजनन संस्थान, कोयमबत्तौर**
**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) फसल सुधार में विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान में डाक्टरेट कीडिग्री।

(ii) एवं (iii)ऊपर पद संख्या 29 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** गन्ना में अनुभव।

**35. प्रभागाध्यक्ष, फसल सुधार प्रभाग, भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक**
**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) फसल सुधार में विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 29 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** चावल की फसलों में अनुभव

**36. प्रभागाध्यक्ष, गुणवत्ता मूल्यांकन एवं सुधार प्रभाग, केन्द्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मुंबई**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) वस्त्र प्रौद्योगिकी/अनुप्रयुक्त भौतिकी/वस्त्र भौतिकी/कृषि प्रसंस्करण अभियांत्रिकी/सस्योत्तर अभियांत्रिकी/वस्त्र अभियांत्रिकी/रसायन अभियांत्रिकी में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 29 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** प्राकृतिक रेशा उत्पाद तथा कपड़ों की गुणवत्ता का मूल्यांकन एवं सुधार में अनुभव।

**37. प्रभागाध्यक्ष, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रभाग, भाकृअनुप-केन्द्रीय सस्योत्तर अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, लुधियाना**

**आवश्यक अर्हताएं**

(i) कृषि प्रसंस्करण अभियांत्रिकी/कृषि एवं खाद्य अभियांत्रिकी/प्रसंस्करण एवं कृषि संरचनाएं/सस्योत्तर अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी/खाद्य अभियांत्रिकी/खाद्य प्रसंस्करण अभियांत्रिकी या कृषि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में विशेषज्ञता के साथ कृषि विस्तार में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 29 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** कृषि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में अनुभव।

**38. प्रभागाध्यक्ष, पादप विज्ञान प्रभाग, भाकृअनुप-भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून**

**आवश्यक अर्हताएं**

(i) पादप विज्ञान/फसल विज्ञान/कृषि वानिकी सहित बागवानी विज्ञान या खेत, वानिकी या बागवानी फसलों में विशेषज्ञता के साथ मैलिक विज्ञान के किसी भी विषय क्षेत्र में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 29 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** मृदा एवं जल संरक्षण में विशेषज्ञता।

**39. अध्यक्ष, भाकृअनुप-भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वारणासी के अधीनस्थ प्रादेशिक अनुसंधान स्टेशन, सरगाठिया, खुशीनगर**

**आवश्यक अर्हताएं**

(i) बागवानी विज्ञान समूह के अंतर्गत अधिसूचित एआरएस के किसी भी विषयवस्तु क्षेत्र में डाक्टरेट की डिग्री (कृषि अनुसंधान सेवा के वैज्ञानिकों के लिए वर्तमान

अर्हताओं की समीक्षा के संदर्भ में भाक्अनुप के वेबसाइट पर परिपत्र/कार्मिक शीर्ष के अंतर्गत भाकृअनुप की परिपत्र सं. 8(1)/2013-कार्मिक-IV, दिनांक 26.02.2015 देखें)।

**या**

सब्जी फसलों में फसल सुधार/फसल उत्पादन/फसल संरक्षण में विशेषज्ञता के साथ मौलिक विज्ञान में डाक्टरेट की डिग्री।

(ii) एवं (iii) ऊपर पद संख्या 29 में जैसा उल्लेख किया गया है।

**वांछनीय :** सब्जी फसलों में सुधार एवं प्रबंधन का अनुभव।

## <u>महत्वपूर्ण सूचनाएं</u>

### (I) <u>आयु सीमा</u>

आवेदक की आयु **<u>16.04.2018</u>** को 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
**जो आवेदक पूर्व में विज्ञापन सं. 01/2017 के अनुसार इन पदों के लिए आवेदन कर चुके हैं वे मंडल के वेबसाइट पर नोटिस दिनांक 20.2.2018 के अंतर्गत दिए गए संशोधित आवेदन प्रपत्र-2018 में पुन: आवेदन करें। इन आवेदकों को पुन: आवेदन शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**
**आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि पूर्व में विज्ञापित विज्ञापन सं. 01/2017 जिसकी अंतिम तिथि 08.02.2017 थी, के अनुसार इन पदों के लिए आवेदन कर चुके आवेदकों को एक बार के लिए आयु सीमा में छूट दी जाएगी और उनकी आयु की गणना तदनानुसार की जाएगी।**

### (II) अंतिम तिथि

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में आवेदनों की प्राप्ति की (नए आवेदकों तथा जो आवेदक पहले आवेदन कर चुके हैं, दोनों के लिए) अंतिम तिथि **<u>16.04.2018</u>** है। विदेश और अधिसूचित सुदूर क्षेत्रों (अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह लक्षद्वीप, मिनीकॉय एवं अमनदीवी द्वीपसमूह, उत्तर-पूर्वी प्रदेश के राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों, जम्मू एवं काश्मीर राज्य के लद्दाख, सिक्किम, पांगी, हिमाचल प्रदेश के चाम्बा, लाहुल एवं स्पीती जिलों से भेजे गए आवेदनों के लिए अंतिम तिथि **<u>01.05.2018</u>** होगी। ऊपर उल्लेखित अंतिम तिथियों तक कृ.वै.च.मं. में प्राप्त न होने वाले आवेदनों को बिना किसी सूचना के सरसरी तौर कर खारिज कर दिया जाएगा।

**उम्मीदवार जो कार्यरत हैं और जिन्हें अपने नियोक्ता द्वारा उनके आवेदन को अग्रेषित करने में विलंब होने की आशंका है, वे अंतिम तिथि तक कृ.वै.च.मं. में आवेदन की 'अग्रिम प्रति' भेज सकते हैं। तथापि, कृ.वै.च.मं. को सीधे आवेदन की अग्रिम प्रति अंतिम तिथि तक भेजने के दौरान उम्मीदवार को अपने आवेदन की अग्रिम प्रति के साथ एक प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा कि उसने अपने नियंत्रण प्राधिकारी/नियोक्ता को इस बाबत सूचित किया है तथा साथ-ही-साथ उक्त पद के लिए मूल आवेदन को अपने नियंत्रण प्राधिकारी/नियोक्ता को इस अनुरोध से प्रस्तुत किया है कि उक्त आवेदन को कृ.वै.च.मं. को अंतिम तिथि के पश्चात 30 दिनों के भीतर, यानी 15.05.2018 तथा 30.05.2018 (अधिसूचित सुदूर क्षेत्र/विदेश) तक ''उचित माध्यम''**

**द्वारा अग्रेषित करें अन्यता बिना किसी सूचना के इसे सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।**

(III) **आवेदनों का ''उचित माध्यम द्वारा'' अग्रेषण**

(i) आवेदक/उम्मीदवार कृपया यह सुनिश्चित करें कि उनके पैरेंट आफिस से **"उचित माध्यम द्वारा"** अग्रेषित उनके आवेदन की प्रति कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के कार्यालय में निर्धारित तिथि तक पहुंच जाए।

(ii) प्रतिनियुक्ति/विदेश सेवा में कार्यरत उम्मीदवार को अपने आवेदन को प्रतिनियुक्ति/विदेश सेवा के अपने कार्यालय से उचित माध्यम द्वारा अग्रेषित करवाना होगा, जो अपने पेरेंट आफिस से अग्रेषित आवेदन के अतिरिक्त होगा।

(iii) उचित माध्यम द्वारा भेजे गए आवेदनों के साथ **नियोक्ता द्वारा जांच प्रमाणपत्र** संलग्न होना चाहिए जिसमें निम्नलिखित तथ्यों का सकारात्मक और बिना असफल हुए जांच/प्रमाणीकरण सूचित किया जाना चाहिए।

क) उम्मीदवार द्वारा आवेदन में सूचित सेवा विवरण।

ख) आवेदन किए गए पद के लिए योग्यता।

ग) सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र ।

घ) पिछले 10 वर्षों में लगाए गए मेजर/माइनर पैनाल्टीज़ का विवरण, यदि हो तो।

ङ) पिछले 05 वर्षों के एएआर/एसीआर/एपीएआर ग्रेडिंग का निष्कर्ष।

च) कार्यालय में उम्मीदवार की मूल आवेदन की प्राप्ति का दिनांक जिसे कृ.वै.च.मं. को 'उचित माध्यम द्वारा' भेजा जाना है।

छ) उम्मीदवार से वर्ष 2018 (31.12.2017) के लिए प्राप्त वार्षिक अचल संपत्ति विवरण की प्राप्ति की तारीख सूचित करना होगा और संदर्भ के लिए इसकी एक प्रति संलग्न करनी होगी।

(IV) **शुल्क** का भुगतान निम्नलिखित रूप से किया जाना चाहिए और इसे आवेदन प्रपत्र के साथ संलग्न करना चाहिए।

(i) देश के भीतर से आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए -

**सचिव, कृ.वै.च.मं. को नई दिल्ली(भारत)** में देय रू 500 का रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट जिसकी वैधता तीन माह हो। तथापि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला/विकलांग उम्मीदवारों को शुल्क भुगतान से छूट है।

(i) विदेश से आवेदन करने वाले आवेदकों/उम्मीदवारोंको 50 अमरीकी डॉलर का भुगतान **"SWIFT"** के माध्यम से निम्नलिखित एकाउंट में जमा करना होगा।

| | |
|---|---|
| **खाता धारक का नाम** | **- सचिव, कृ.वै.च.मं.** |
| **बैंक का नाम** | **- सिंडिकेट बैंक** |
| **शाखा का पता** | **- कृषि अनुसंधान भवन-1, पूसा, नई दिल्ली-12** |
| **खाता संख्या** | **- 24133050000035** |
| **आईएफएससी कोड** | **- SYNB0009029** |
| **SWIFT Code** | **- SYNBINBB019** |

(ii) 'SWIFT' के माध्यम से किया गया भुगतान/ डिमांड ड्राफ्ट आवेदन के केवल अग्रिम प्रति के साथ ही संलग्न करना चाहिए और इसकी एक प्रति उचित माध्यम वाले आवेदन के साथ संलग्न करना चाहिए।

(iii) कृ.वै.च.मं. के पूर्व **विज्ञापन सं. 01/2017** के अनुसार पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को पुन: शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है। **उम्मीदवारों से अनुरोध है कि डिमांड ड्राफ्ट संख्या/ SWIFTरसीद का आवेदन में उल्लेख करें।**

**(V) संलग्न किए जाने वाले कागजात**

(i) जन्म तिथि, एमएससी तथा पीएचडी प्रमाणपत्रों की **स्वसत्यापित प्रतियां**। (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग उम्मीदवारों को इस संदर्भ में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की स्वसत्यापित प्रति भी संलग्न करनी होगी)।

(ii) संशोधित स्कोर कार्ड-2018 /आवेदन प्रपत्र-2018 के अनुसार आवश्यक अन्य कोई दस्तावेज/प्रमाणपत्र।

(iii) आवेदन प्रपत्र में उचित स्थान पर **फोटोग्राफ**।

(iv) निर्धारित सभी संलग्नकों के साथ आवेदन **के लिफाफे के ऊपर आवेदक को अपना नाम, आवेदन किए गए पद का नाम, विज्ञापन संख्या तथा पद संख्या का उल्लेख** करना होगा।

**(VI) आवेदनों की अस्वीकृति**

निम्नलिखित आवेदन बिना किसी सूचना के सरसरी तौर पर खारिज कर दिए जाएंगे :-

(i) निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त न होने वाले आवेदन (आवेदन की अग्रिम प्रति)।

(ii)पेरेंट ऑफिस द्वारा भेजा जाने वाला 'उचित माध्यम द्वारा' आवेदन निर्धारित तिथि तक प्राप्त न होने पर।

(iii) प्रतिनियुक्ति/विदेश सेवा में कार्यरत उम्मीदवार अपने 'उचित माध्यम द्वारा' वाले आवेदन को अपनी प्रतिनियुक्ति/विदेश सेवा वाले कार्यालय द्वारा अग्रेषित कराना होगा, जो उनके पेरेंट ऑफिस द्वारा कृ.वै.च.मं. को अग्रेषित प्रति के अतिरिक्त होगा।

(iv) **'उचित माध्यम द्वारा' निर्धारित अवधि में प्राप्त आवेदन, परंतु जिनके साथ आवश्यक विवरण वाले विधिवत प्रमाणित 'नियोक्ता जांच प्रमाणपत्र' न होने पर।**

(v)आवेदन निर्धारित प्रपत्र में न होने पर।

(vi) कुछ उम्मीदवार द्वारा आवेदन प्रपत्र में दिए गए स्थान पर सूचनाएं न देकर, सूचनाओं को अनुलग्नक के रूप में संलग्न करने पर तथा कुछ उम्मीदवारों द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के अतिरिक्त अनावश्यक एवं अवांछित दस्तावेज संलग्न करने पर, जो आवेदन को भारी-भरकम एवं बोझिल बना देता है। **अत: आवेदनों, जिनमें सूचनाएं अनुलग्नकों के रूप में दी गई हों या वे आवेदन जिनके साथ 'महत्वपूर्ण टिप्पणियां' की मद संख्या III में सूचित दस्तावेजों के अलावा अन्य दस्तावेज संलग्न होने पर बिना किसी सूचना दिए सरसरी तौर पर आवेदनों को खारिज कर दिए जाएंगे।**

(vii) आवेदन में उम्मीदवार के नाम, आवेदन किए गए पद का नाम, विज्ञापन संख्या एवं पद संख्या, जन्म तिथि में विसंगतियां होने पर।

(viii) आवेदन जिनके साथ 500/- रु. का वैध डिमांड ड्राफ्ट संलग्न न होने पर (विदेश से भेजे गए आवेदनों के मामले में 50 यूएस डॉलर)

**(VII)सामान्य सेवा शर्तें**

(i) सभी वैज्ञानिक कार्मिकों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष है। इस विज्ञापन में विज्ञापित पद सावधिक रूप से 5 वर्षों के लिए भरा जाएगा।

(ii) पशुविज्ञान विषयक्षेत्र में नियुक्ति के लिए चयनित आवेदक/उम्मीदवार जिनके पास पशुचिकित्सा विज्ञान /पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन की डिग्री के साथ संबंधित विषयक्षेत्र में स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरेट की उपाधि हो, वे समय-समय पर निर्धारित नियमों के अंतर्गत नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंसेस के पात्र होंगे, बशर्ते परिषद द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों की पूर्ति करते हों।

(iii) अर्हता प्राप्त महिला आवेदक/उम्मीदवारों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।

**(VIII) सामान्य अनुदेश**

(i) आवेदन प्रपत्र-2018 (भाकृअनुप/ कृ.वै.च.मं. के वेबसाइट पर जिस प्रकार एमएस वर्ड/पीडीएफ फार्मेट में उपलब्ध है) तथा अन्य संबंधित दस्तावेज/विवरण वेबसाइट http:/www.icar.org.in तथा http:/www.asrb.org.in से डाउनलोड किया जा सकता है। उम्मीदवार द्वारा सचिव, कृ.वै.च.मं., कृषि अनुसंधान भवन-1, पूसा, नई दिल्ली-12 को अनुरोध करने पर भी इसे उपलब्ध कराया जा सकता है।

(ii) प्रत्येक पद के लिए अलग आवेदन प्रपत्र, अलग शुल्क, अलग 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' तथा अलग 'सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र' कृ.वै.च.मं. को भेजना आवश्यक होगा।

(iii) कोई भी दो आवेदनों को एक साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

(iv) आवेदन शुल्क का भुगतान केवल डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से किया जाना चाहिए। आवेदक/उम्मीदवार को रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट के पीछे अपना नाम, पता, पद का नाम, विज्ञापन संख्या और पद संख्या का उल्लेख करना होगा। **यह नोट करें कि आवेदन शुल्क का भुगतान किसी अन्य माध्यम से स्वीकार्य नहीं होगा, यानी इंडियन पोस्टल ऑर्डर, मनीऑर्डर इत्यादि के माध्यम से किया गया भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा।डिमांड ड्राफ्ट जारी करने की तिथि समाचार पत्रों में विज्ञापनजारी होने की तिथि से पहले की नहीं होनी चाहिए।आगे डिमांड ड्राफ्ट की वैधता तीन माह की होनी चाहिए और वैधता तीन माह से कम होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

(v) निर्धारित आवश्यक अर्हताएं न्यूनतम हैं और केवल इनके होने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के पात्र नहीं होंगे। शैक्षणिक अर्हताएं, अनुभव, अनुसंधान कार्य, प्रकाशन, अवार्ड आदि के आधार पर उम्मीदवारों की सापेक्ष गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए कृ.वै.च.मं. द्वारा अपनाए गए स्कोर कार्ड-2018 (वर्तमान समय में भाकृअनुप/कृवैचम के वेबसाइट पर उपलब्ध) के अनुसार आवेदनों की जांच में अर्हता प्राप्त करने वाले आवेदकों/उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। अत: उम्मीदवारों को सुझाव दिया जाता है कि आवेदन प्रपत्र के भाग-बी को सावधानीपूर्वक भरें और आवेदन के प्रत्येक कॉलम को सही तरीके से भरें, चूंकि उनके द्वारा प्रत्येक कॉलम में दी गई सूचनाओं के आधार पर अंक दिए जाएंगे। प्रकाशन/अन्य प्रकाशन में प्रविष्टियां भरने के लिए आवेदक/उम्मीदवार वैज्ञानिक जर्नलों के नास रेटिंग का भी संदर्भ ले सकते हैं।

(vi) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुदेशों के अनुसार किसी भी संस्थान में प्रभागाध्यक्ष/प्रादेशिक स्टेशन के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त आवेदक को अपने कार्यकाल के प्रथम चार वर्षों के दौरान भाकृअनुप के अंतर्गत या बाहरी संगठन में किसी अन्य प्रभागाध्यक्ष/अध्यक्ष, प्रादेशिक स्टेशन के पद पर आवेदन करने की अनुमति नहीं होगी।

(vii) सभी पदों के लिए विशेष रूप से अर्हता और अनुभव प्राप्त उम्मीदवारों के लिए कृ.वै.च.मं. द्वारा उच्च प्रारम्भिक वेतन की सिफारिश की जा सकती है।

(viii) आवेदकों/उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रण किसी प्रकार का आश्वासन नहीं है कि उनका चयन किया जाएगा। चयनित उम्मीदवार/उम्मीदवारों को नियुक्ति आदेश भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा जारी किया जाएगा।

(ix) लघु-सूची में सूचीबद्ध आवेदकों/उम्मीदवारों को कृ.वै.च.मं. द्वारा निर्धारित स्थान पर व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना अनिवार्य है। साक्षात्कार के लिए आमंत्रित आवेदकों/उम्मीदवारों की यात्रा या अन्य खर्च का वहन मंडल द्वारा नहीं किया जाएगा। तथापि मंडल द्वारा आवेदक/उम्मीदवार के सामान्य आवासीय स्थान या जहां से वे वास्तव में यात्रा प्रारम्भ करते हैं, जो भी स्थान साक्षात्कार स्थान के निकट होगा वहां के निकटस्थ रेलवे स्टेशन से साक्षात्कार स्थान तक के लिए निकटतम मार्ग द्वारा आने तथा वापसी उसी स्टेशन तक जाने का दूसरे दर्जे का मेल रेल किराया या उम्मीदवार द्वारा वास्तव में खर्च की गई राशि जो भी कम होगी अंशदान के रूप में उस राशि भुगतान की जाएगी। इसका विवरण

आवेदकों/उम्मीदवारों द्वारा साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने पर प्रस्तुत किया जाएगा।

(x) **आवेदकों/उम्मीदवारों के साथ साक्षात्कार हेतु आमंत्रण न करने या साक्षात्कार/नियुक्ति के लिए चयन न करने के संबंध में मंडल किसी प्रकार का पत्राचार नहीं करेगा।**

(xi) साक्षात्कार में वार्ता/उत्तर हिन्दी में देने का विकल्प मंडल में मौजूद है।

(xii) किसी भी रूप में अपने पक्ष में प्रचार करने पर आवेदक/उम्मीदवार को अयोग्य करार दिया जाएगा।

(xiii) यदि कोई विसंगति हो तो एम्प्लॉयमेंट न्यूजपेपर/कृ.वै.च.मं एवं भा.कृ.अनु.प. के वेबसाइट में दिए गए विस्तृत विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।

**सचिव**